भाजपा अध्यक्ष ने काशी विद्यापीठ में युवाओं को किया सचेत

युवा शक्ति को बांटने की साजिश हो रही: नवीन

संवाद

वाराणसी, विशेष संवाददाता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि युवाओं को जेन-जी, अल्फा, बीटा, गामा के नाम पर बांटने की साजिश रची जा रही है। कुछ लोग केवल समाज में विष घोलना चाहते हैं। वे घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति एक बड़ी ताकत है, हमें बंटना नहीं होगा। विदेश से आए घुसपैठियों को युवाओं का हक नहीं लेने दिया जाएगा।

भाजपाध्यक्ष काशी प्रवास के दूसरे दिन गुरुवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ सभागार में युवाओं से संवाद करते हुए 'विकसित भारत @2047' के लक्ष्य को पूरा करने एवं सरकार की योजनाओं से संबंधित प्रश्नों का उत्तर भी दिया। उन्होंने कहा कि युवा भारत की तस्वीर हैं, जो देश की दशा और दिशा दोनों बदलने की क्षमता रखता है। आज का युवा किसी के दिखाए रास्ते पर चलने के बजाय अपना रास्ता स्वयं बनाने में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने भविष्य के लिए स्वयं मार्ग तलाशना होगा और निरंतर संघर्ष करते हुए बढ़ना होगा।

उन्होंने राजनीति में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं की भागीदारी से देश की बागडोर सही हाथों में जाएगी और भारत के विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग मजबूत होगा। सभागार में नितिन नवीन के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और युवा प्रतिनिधि के तौर पर निशा सिंह, इशिका पाल, गरिमा पांडेय और साक्षी राय ने मंच साझा किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बुधवार को पहुंचे थे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ जनसभा को भी संबोधित किया था।


वाराणसी में गुरुवार को काशी विद्या पीठ की छात्राओं के साथ सेल्फी लेते नितिन नवीन।

काशी भी आईटी हब के रूप में विकसित होगी: नितिन नवीन ने एक युवा के सवाल पर कहा कि आज नोएडा को आईटी हब के रूप में जाना जाता है, लेकिन आने वाले समय में काशी भी आईटी हब के रूप में विकसित होगी। इससे काशी के युवाओं को रोजगार और इंटर्नशिप के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

नितिन नवीन ने कहा कि 2014 से पहले स्टार्टअप सिर्फ शब्द में था। लेकिन मोदी सरकार ने देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए। आज भारत में 25 लाख स्टार्टअप रोजगार देने वाले संस्थान बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति और विरासत को समझने के साथ ही देश के विकास में योगदान देना जरूरी है।

मेडिकल की सीटें बढ़ेंगी संवरेगा भविष्य

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पेपर लीक मामले पर कहा कि भले पेपर लीक हुआ लेकिन दोषियों को सजा भी मिली। जल्दी ही परीक्षा कराकर युवाओं को भविष्य को संवारने का काम किया गया है। पहले 50 हजार सीटें होती थीं लेकिन आज 1.5 लाख सीट का एग्जाम होता है जिसे आगे और बढ़ाने का काम चल रहा है ताकि भविष्य सुरक्षित हाथों में जाएं।

छात्रों से कहा, वे संघर्ष का साथ न छोड़ें

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में प्रारंभिक से उच्च शिक्षा तक अधिक से अधिक युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे संघर्ष का साथ न छोड़ें। उन्होंने कहा, अतीत आपका खजाना है, वर्तमान आपका संघर्ष है और भविष्य सुनहरा सपना है।

विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन, बैठकें भी कीं

भाजपा अध्यक्ष सुबह काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने गर्भगृह में सविधि बाबा का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद ताज होटल में शहर के सभ्रांतजनों से मुलाकात के बाद पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठकें की। वह देर शाम दिल्ली रवाना हो गए।

सिलेंडरों में धमाका मां और बेटी की मौत

खेकड़ा (बागपत)। बागपत के खेकड़ा कस्बे के मुख्य बाजार में गुरुवार सुबह दुकान में शार्ट सर्किट से वहां रखे गैस सिलेंडरों ने आग पकड़ ली और तेज धमाका हो गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि दुकान का शटर उखड़कर सड़क पर जा गिरा और भीषण आग लग गई। आग ने दुकान के ऊपर पहली मंजिल पर बने मकान को भी चपेट में ले लिया। आग और धुएं में दम घुटने से मां स्वाती और बेटी अनन्या की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी ने घायलों के परिजनों से संवाद कर हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

कस्बे में बाजार पुलिस चौकी से के पास विनय जैन परिवार के साथ रहते हैं। सुबह सात बजे दुकान में धमाके के साथ आग लग गई और शटर उखड़कर सड़क पर जा गिरा।

खिलाड़ियों को दो अरब से ज्यादा धनराशि दी: योगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा कि 2017 से पहले खिलाड़ियों की सीधी भर्ती का नियम नहीं था।

खिलाड़ियों को 200 करोड़ रुपये से अधिक प्रोत्साहन राशि दी गई है। करीब एक हजार खिलाड़ियों को पहले नियुक्ति मिल चुकी है और 555 अन्य की चयन प्रक्रिया चल रही है। अब ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के सात पदक विजेताओं को डिप्टी एसपी बनाया जा चुका है। इनमें हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने डीजीपी राजीव कृष्ण को सुझाव दिया कि पुलिस में भर्ती कुशल खिलाड़ियों को एक-एक गांव गोद दिया जाए। वे सप्ताह में कम से कम एक दिन वहां खेल गतिविधियां संचालित करें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नियुक्ति मिलने से का खेल समाप्त नहीं हुआ है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की कानून-व्यवस्था ध्वस्त थी। उन्होंने कहा कि पहले खिलाड़ियों को अपेक्षित अवसर नहीं मिलते थे। लखनऊ के आमिर अली (हॉकी), तनु भारती (साइकिलिंग) और अभय सिंह राठौर (बॉक्सिंग) के अलावा हिमांशु तिवारी, मोहित पाल, अनन्या राय, रागिनी मार्को, तान्या चौधरी, सुहानी राजपूत, प्रणय शर्मा, अभिषेक यादव, अमरेश, प्रतिमा सरोज जैसे खिलाड़ियों को नियुक्त पत्र दिया गया।

सबको विकास की मुख्यधारा से जोड़ना लक्ष्य: ब्रजेश पाठक

फरह (मथुरा), हिन्दुस्तान संवाद। दीनदयाल धाम में आयोजित चार दिवसीय मेले के दूसरे दिन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से जोड़ते हुए कहा कि गरीब, किसान, युवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि है।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान के तहत पात्र परिवारों को पांच लाख रुपये तक के इलाज की स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। मेडिकल कॉलेजों की संख्या लगातार बढ़ी है। प्रयास है कि जिन जिलों में अभी मेडिकल कॉलेज नहीं है, वहां भी चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का 'लोकल फॉर वोकल' का सपना था, जिस पर सरकार काम कर रही है। अब देश में युवाओं को आगे लाकर उन्हें जिम्मेदारी देने की आवश्यकता है। डिप्टी सीएम ने लोगों से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों से प्रेरणा लेने और अंत्योदय की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। महोत्सव में शामिल होने से पहले प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ वर्चुअल संवाद किया। इसमें कई राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री भी शामिल हुए। वर्चुअल संवाद में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने टीबी के समूल नाश की रूपरेखा प्रस्तुत की।



डिप्टी सीएम ने चार दिनी मेले में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

मा. स्कूलों में भर्ती को हर साल 31 मई तक भेजा जाएगा प्रस्ताव

लखनऊ। यूपी में राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक स्कूलों में सीधी भर्ती के खाली पदों को अब समय से भरा जा सकेगा। शासन ने इसके लिए अधियाचन भेजने की समय-सारिणी निर्धारित कर दी है। अब हर साल विभाग एक अप्रैल तक शिक्षकों खाली पदों की गिनती करेगा और 31 मई तक संबंधित भर्ती आयोगों को अधियाचन भेजेगा।

सचिव, माध्यमिक शिक्षा किंजल सिंह की ओर से इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। विभाग हर साल एक अप्रैल तक की रिक्तियों की गिनती करके अधियाचन तैयार किया जाएगा। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के खाली पदों का अधियाचन लोक सेवा आयोग और अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के लिए अधियाचन शिक्षा सेवा चयन आयोग को भेजा जाएगा।

प्रदेश 30


गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर वायुसेना दिवस पर गुरुवार को पहली बार ड्रिल टू थ्रिल करतीं महिला जवान। ● हिन्दुस्तान

वायुसेना ने देश-दुनिया को दिखाया पराक्रम

गाजियाबाद। गुरुवार को हिंडन एयरफोर्स स्टेशन में मनाया। मुख्य परेड समारोह में आठ मित्र देशों के सैन्य अधिकारी और प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस दौरान वायु वीरों ने अनुशासन, शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया। समारोह में विंटेज फोर्ड सैलून कार में आए वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। उन्होंने वायु सेना की ताकत के बारे में बताया। साथ ही वीर जवानों को मेडल भी दिए।

एआई ने पोस्ट में लगा दिया पाकिस्तानी विमान

बुलंदशहर। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं बुलंदशहर के सांसद डॉ.भोला सिंह की ओर से सोशल मीडिया पर दिए वायुसेना दिवस पर बधाई संदेश में एआई ने पाकिस्तानी विमान का फोटो लगा दिया। इससे सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई, जैसे ही पोस्ट वायरल हुई तो इसे डिलीट कर दिया गया। सांसद के फेसबुक पर बधाई पोस्ट में एआई ने पाकिस्तान के विमान का फोटो लगा दिया।

मौत का मामला मानवाधिकार आयोग पहुंचा

मथुरा। प्रेमानंद महाराज के शिष्य दीपक पटेल उर्फ रसिक दुलारी शरण की वृंदावन स्थित गुरु कृपा कुंज में मौत का मामला मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। दिल्ली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा राजपूत ने मानवाधिकार आयोग से पारदर्शी जांच की मांग की थी। शिकायत में परिस्थितियों तथा घटना से जुड़े अन्य प्रासंगिक साक्ष्यों की जांच कराने की मांग की गई है।

जेल लाया जा रहा आरोपी बस से भाग निकला

इटावा। औरैया से इटावा की जेल में दाखिल कराने लाया जा रहा आरोपी बुलेट खान उर्फ नदीम गुरुवार देर शाम शहर कोतवाली क्षेत्र में रोडवेज बस की खिड़की से कूदकर फरार हो गया। आरोपी को ले जा रहे दो पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा भी किया लेकिन वह उसे नहीं पकड़ सके। नदीम के फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। देर रात पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी रही। सीसी कैमरे में वह रेलवे स्टेशन की ओर भागता हुआ नजर आया है।

मुस्लिम को प्लॉट बेचने पर हनुमान चालीसा का पाठ

मुजफ्फरनगर। सिविल लाइन क्षेत्र में हिंदू बाहुल्य इलाके जनकपुरी मोहल्ले में मुस्लिम व्यक्ति को प्लॉट बेचे जाने की सूचना पर गुरुवार को स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए हंगामा कर दिया। सूचना पर कुछ हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हंगामे की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। बलजीत सिंह ने प्लाट का बैनामा शोएब नामक व्यक्ति के पक्ष में किए किया था।

शहीद अंशुमान के पिता का शांतिभंग में चालान

देवरिया। देवरिया जिले के लार थाना क्षेत्र के बरडीहा में भूमि विवाद के मामले में शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता समेत दो लोगों का पुलिस ने गुरुवार को चालान कर दिया। शहीद के पिता ने पुलिस कार्रवाई का विरोध किया तो बड़ी संख्या में पुलिस बल लगाकर उन्हें लार सीएचसी की बजाय मेडिकल के लिए सलेमपुर भेज दिया गया। कोर्ट से निजी मुचलके पर उन्हें छोड़ दिया गया।

मतदाता सूची अभियान की जरूरत नहीं: सपा

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा वोटर लिस्ट विशेष अभियान के संबंध में राजनीतिक दलों की बुलाई गई बैठक में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भाग लिया। सपा नेताओं ने वोटर लिस्ट के विशेष अभियान के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा इसे भाजपा को लाभ पहुंचाने की नियत से चलाया जा रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर केके श्रीवास्तव, डा. हरिश्चंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह मुख्य चुनाव अधिकारी के यहां हुई बैठक में शामिल हुए। वोटर लिस्ट में एसआईआर प्रक्रिया 166 दिन चलाई गई और अब संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलेगा।

अभय सिंह, राकेश प्रताप, विनोद चतुर्वेदी होंगे भाजपाई

दलबदल

लखनऊ, विशेष संवाददाता। समाजवादी पार्टी के बागी विधायक विनोद चतुर्वेदी, राकेश प्रताप सिंह और अभय सिंह आगामी 14 अक्तूबर को आधिकारिक रूप से भाजपा में शामिल होंगे।

भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी की मौजूदगी में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी तीनों को अमेठी में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे।

विधानसभा की वेबसाइट पर विनोद चतुर्वेदी का नाम अभी जालौन की कालपी विधानसभा सीट से सपा विधायक के रूप में दर्ज है। जबकि अभय सिंह और राकेश प्रताप सिंह असंबद्ध विधायक हैं। असंबद्ध श्रेणी में तीसरा नाम कैबिनेट मंत्री मनोज पांडेय का दर्ज है।



- स्मृति ईरानी की मौजूदगी में पंकज चौधरी दिलाएंगे आधिकारिक रूप से सदस्यता
- 2024 में रास चुनाव में सपा से बगावत कर की थी भाजपा के पक्ष में क्रास वोटिंग

फरवरी 2024 में हुए राज्यसभा चुनाव के दौरान सपा के कई विधायकों ने बगावत का झंडा बुलंद करते हुए भाजपा के पक्ष में क्रास वोटिंग की थी। इनमें विनोद चतुर्वदी, राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह, महाराजी देवी, पूजा पाल और आशुतोष मौर्य शामिल थे। उसके बाद से इन सभी का सपा से अलगाव जगजाहिर है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव इन बागी विधायकों को लेकर कई बार तल्ख टिप्पणी भी कर चुके हैं। हालांकि हाल ही में राज्यसभा चुनाव में समर्थन जुटाने के नाम पर उन्होंने बागियों को भी साथ आने का ऑफर दिया था। उधर, बगावत करने वालों में से मनोज पांडेय योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बन चुके हैं जबकि पूजा पाल को भाजपा ने प्रदेश पदाधिकारी बनाया है।

सपा पर बोला तीखा हमला: गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को अपने एक्स हैंडल से 14 अक्तूबर को भाजपा में शामिल होने की जानकारी साझा की। वहीं अयोध्या की गोसाईंगंज सीट से विधायक अभय सिंह और कालपी के विधायक विनोद चतुर्वेदी ने भी हिन्दुस्तान से बातचीत में 14 को विधिवत रूप से भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की है।

प्रताप सिंह ने तो मीडिया से बातचीत पर सपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस जलाने वालों के साथ राजनीति करना संभव नहीं है। उन्होंने सपा पर परिवारवाद और जातिवाद को बढ़ावा देने के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने हिन्दुत्व और सनातन विरोध के नाम पर भी सपा को घेरा।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

Regional Office Kanpur, CP/O-4/4, 2nd Floor, Keshavpuram, Awas Vikas no 01, Kalyanpur, Kanpur - 208017

PREQUALIFICATION NOTICE

Union Bank of India, intends to empanel Architects / Contractors for a period of 3 years for the works of civil repairs, interior decoration, furnishing, electrical, air-conditioning, and structural engineering / designing works for its Branches / Offices / Residences in region. Interested individuals / companies may obtain the application forms during working hours from 09.10.2026 to 02.11.2026 from Regional Office at CP/O-4/4, 2nd Floor, Keshavpuram, Awas Vikas no 01, Kalyanpur, Kanpur-208017.

The application forms are also available during aforesaid period on Bank's website at www.unionbankofindia.bank.in and www.eprocure.gov.in. All the application forms to be submitted shall be accompanied by Pay Order/Demand Draft amounting to Rs.500/- (non-refundable) favoring Union Bank of India, payable at Kanpur.

The last date for submission of the completed forms is **02.11.2026 at 05:00 PM.** Union Bank of India reserves the right for rejecting any or all applications received without assigning any reasons whatsoever.

Deputy General Manager

ऐप से खाना मंगाने वालों को मिलेगी पूरी जानकारी

लखनऊ। ऑनलाइन प्लेटफार्म के जरिए खाना मंगवाने वाले ग्राहकों को भी अब इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सकेगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) इस मामले में सख्ती करेगा। एफएसडीए ने कहा है कि ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बेचे जाने वाले फ्रोजन, प्री-कुक्ड और पार्शियली कुक्ड फूड के बारे में ग्राहकों को साफ तौर पर जानकारी दी जाए। इससे ग्राहक को यह पता रहेगा कि वह किस तरह का खाद्य पदार्थ खरीद रहा है। एफएसडीए इन दिनों प्रदेश में 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान चला रहा है। इसमें सिर्फ दुकानों और रेस्टोरेंट की सफाई ही नहीं, बल्कि उपभोक्ता को सही जानकारी देने पर भी जोर दिया जा रहा है।

विभाग का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेचे जा रहे खाने के बारे में

- एफएसडीए चला रहा 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान
- फ्रोजन, प्री कुक्ड और कम कुक्ड फूड का विवरण देंगे

ग्राहक को पूरी स्पष्टता रहे कि वह क्या खरीद रहे हैं। मसलन अगर कोई खाद्य पदार्थ पहले से जमा हुआ है। पहले से पकाया गया है या आधा पकाया गया है और उसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर तैयार भोजन के रूप में बेचा जा रहा है तो इसकी जानकारी ग्राहक को मिलनी चाहिए।

संबंधित प्रतिष्ठानों को स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में यदि दोबारा कालातीत खाद्य सामग्री मिली तो लाइसेंस रद्द करने समेत नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जांच किट-उपकरण खरीद में गड़बड़ी, जीएम पर गाज

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है। सरकारी अस्पतालों में जांच किट और उससे जुड़े उपकरणों के टेंडर से करीब 100 गुना अधिक का ऑर्डर जारी कर दिया गया। पेंच फंसा तो सप्लाई कार्पोरेशन की जीएम (सप्लाई चेन) सुगंधा शर्मा को बर्खास्त कर दिया गया है। सूत्रों की मानें तो इस मामले में उनकी भूमिका को लेकर भी सवाल उठे थे।

आरोप है कि इस मामले में टेंडर और सप्लाई के लिए खरीद आदेश जारी करने वाले अधिकारियों की लापरवाही और इस अनियमितता से यह बड़ी गड़बड़ी हुई है। अब कार्पोरेशन को इस प्रकरण में अदालती कार्रवाइयों और जांच का सामना करना पड़ रहा है। नेशनल हेल्थ मिशन से जुड़े कुछ अधिकारियों पर पिछले साल ही कार्रवाई हो चुकी है। इसमें मिलीभगत कर कंपनी को फायदा पहुंचाने के गंभीर आरोप लगे थे।

प्रति नग की जगह पैकेट के हिसाब से कर ली खरीद

विभागीय सूत्रों के अनुसार यह मामला मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन के साथ एनएचएम से भी जुड़ा हुआ है। एनएचएम के बजट से मेडिकल सप्लाई कार्पोरेशन को खरीद का टेंडर कराकर खरीद ऑर्डर जारी करना था। वर्ष 2024 में इसके लिए कंपनी ने प्रति नग के हिसाब से बोली लगायी जबकि अफसरों ने उसी रेट पर प्रति पैकेट के हिसाब से खरीद ऑर्डर जारी कर दिया। कंपनी ने उसी हिसाब से सप्लाई भी कर दी।

छात्रा से होटल में गैंगरेप

अलीगढ़। बुलंदशहर की 15 साल की नाबालिग छात्रा के साथ महुआखेड़ा थाना क्षेत्र के एक होटल में सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि सोशल मीडिया पर आरोपी ने उससे दोस्ती की। फिर बहला-फुसलाकर बुलाया और होटल में ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद उसे छोड़कर चला गया। बाद में होटल के संचालक ने भी उसे बंधक बनाकर डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों सलमान और सुखवीर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

अमीनाबाद शाखा: अट्टालिका कॉम्प्लेक्स, डॉ0 बी.एन. वर्मा रोड़, अमीनाबाद, लखनऊ-226018 (उ.प्र.)
मो0:-9044054158, ई मेल- aminab@bankofbaroda.co.in

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना "अनुगत- IV-A [नियम 6(2) एवं नियम 8(6) के प्रावधान देखें,
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं नियम 8(6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभार युक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्ति / देय / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-

ई-नीलामी की तिथि 26.11.2026 | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 25.11.2026 सायं 04.00 बजे तक**

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों का नाम एवं पता	सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/अग्रिम धनराशि/बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (प्रतीकात्मक/भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1.	**मेसर्स फैंसी इंडस्ट्रीज,** प्रोपराइटर- श्री दीपू कुमार सोनकर पुत्र प्रसराम सोनकर, यूजीएफ-06, बिल्डिंग सं. 33,34, नियामतुल्लाह रोड, गूंगे नवाब पार्क, अमीनाबाद, लखनऊ 226018 **श्री दीपू कुमार सोनकर पुत्र परसराम सोनकर,** मेसर्स फैंसी इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर, 115/43, बाग मुन्नू, नया गोवा, कैसरबाग, लखनऊ 226001 **श्री अमर कुमार सोनकर पुत्र परसुराम सोनकर,** 115/43/2, बाग मुन्नू, नया गोवा, कैसरबाग, लखनऊ 226001	फ्लैट सं. 405, चौथा तल का साम्यिक बंधक, क्षेत्रफल 82.249 वर्ग मी0 स्थित सेवा हाइट्स बिल्डिंग, नगर निगम सं. 554के/2, खसरा सं. 51 उपद, अर्जुन नगर, वार्ड- सरदार पटेल नगर, आलमबाग, लखनऊ, विक्रय विलेख दिनांक 20.10.2023 के अनुसार, **चौहद्दी: पूर्व:** रास्ता, **पश्चिम:** खुला आसमान, **उत्तर:** फ्लैट सं. 406, **दक्षिण:** फ्लैट सं. 404	**रू. 84,00,694.41** दिनांक 04.10.2026 तक (दिनांक 04.10.2026 तक ब्याज सहित) + ब्याज, लागत एवं खर्चे	**26.11.2026** दोपहर **02.00** बजे से **06.00** बजे (प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)	रू0 40,23,000/- (आरक्षित मूल्य) रू0 4,02,300/- (अग्रिम धनराशि) रू0 10,000/- (न्यूनतम बिड बढोत्तरी राशि)	भौतिक कब्जा	**09.10.2026 से 25.11.2026 समय 11.00 AM से 04.00 PM**
2.	**मेसर्स सिल्वरफॉक्स फूड एण्ड बेवरेजेज़,** पार्टनर- श्री अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र श्री विजय कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती पलक जसवाणी पत्नी श्री अभिषेक श्रीवास्तव, मकान सं. एसएस-2/479, सेक्टर एफ, जानकीपुरम, लखनऊ, 226020 **श्री अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र श्री विजय कुमार श्रीवास्तव,** मेसर्स सिल्वरफॉक्स फूड एण्ड बेवरेजेज़ के पार्टनर, **पता:-** 1. मकान सं. एसएस-2/479, सेक्टर एफ, जानकीपुरम, लखनऊ 226020 2. ए-108, हर्षित लैंडमार्क, आरडीए कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 **श्रीमती पलक जसवाणी पत्नी श्री अभिषेक श्रीवास्तव,** मेसर्स सिल्वरफॉक्स फूड एण्ड बेवरेजेज़ की पार्टनर, **पता:-1.** मकान सं. एसएस-2/479, सेक्टर एफ, जानकीपुरम, लखनऊ 226020 2. ए-108, हर्षित लैंडमार्क, आरडीए कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001	मकान सं. एसएस-2/479, सेक्टर-एफ, जानकीपुरम, लखनऊ 226020 का साम्यिक बंधक, **मालिक:** श्री अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र श्री विजय कुमार श्रीवास्तव, **चौहद्दी: पूर्व:** मकान/प्लॉट सं. एसएस 2/478; **पश्चिम:** 6.0 मीटर चौड़ी सड़क; **उत्तर:** मकान/प्लॉट सं. एसएस 2/480; **दक्षिण:** 6.0 मीटर चौड़ी सड़क	**रू. 31,91,207.84** दिनांक 04.10.2026 तक (दिनांक 04.10.2026 तक ब्याज सहित) + ब्याज, लागत एवं खर्चे	**26.11.2026** दोपहर **02.00** बजे से **06.00** बजे (प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)	रू0 30,83,000/- (आरक्षित मूल्य) रू0 3,08,300/- (अग्रिम धनराशि) रू0 10,000/- (न्यूनतम बिड बढोत्तरी राशि)	भौतिक कब्जा	**09.10.2026 से 25.11.2026 समय 11.00 AM से 04.00 PM**

नोट: **यह सूचना सरफेसी अधिनियम के नियम 8(6) के अंतर्गत उप-वैधानिक 35 दिनों की बिक्री सूचना है।**
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm** एवं ऑनलाइन नीलामी पोर्टल **https://baanknet.com** देखें। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी/शाखा के **मोबाइल नंबर- 9044054158** पर संपर्क कर सकते हैं।

स्कैन करें- नियम व शर्तों के विवरण के लिए

दिनांक: **06.10.2026** स्थान: लखनऊ
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

अदालत से | हाईकोर्ट ने यूपीपीएससी को हार्ड कॉपी स्वीकार कर चयन प्रक्रिया में शामिल करने का दिया निर्देश

डाक की देरी पर नहीं छिनेगा भर्ती का मौका

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन और शुल्क समय से जमा कर दिया हो और विज्ञापन में स्वीकृत माध्यम से हार्ड कॉपी भी समय सीमा में डाक से भेज दी हो, तो डाक विभाग की देरी के लिए उसकी उम्मीदवारी खारिज नहीं की जा सकती।

न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने अनुराधा की याचिका पर यूपीपीएससी को उसकी हार्ड कॉपी और दस्तावेज 16 अक्तूबर तक स्वीकार करने का निर्देश दिया। याची ने 31 अगस्त को ऑनलाइन आवेदन किया था और आठ सितंबर को पंजीकृत डाक से हार्ड कॉपी भेजी थी। इसे 16 सितंबर को आयोग पहुंचने पर एक दिन की देरी के आधार पर स्वीकार नहीं किया गया। डाक देरी को उम्मीदवारी खत्म करने का आधार नहीं बना सकते हैं।

किसान सम्मान निधि अटकाने पर कोर्ट गंभीर

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर देहात के एक किसान को करीब छह साल तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्तों से वंचित रखने पर सख्त टिप्पणी करते हुए बकाया राशि का भुगतान ब्याज के साथ करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज और पांच हजार रुपये हर्जाना देने का भी निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर एवं न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ल की खंडपीठ ने विश्राम सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याची ने स्वयं पैरवी करते हुए कहा कि उनके बैंक शाखा का आईएफएससी कोड गलत दर्ज हो गया था।

फैमली कोर्ट में काउंसलर्स की नियुक्ति पर रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के परिवार न्यायालयों में काउंसलर्स की नियुक्ति के जारी 14 सितंबर को जारी विज्ञापन के तहत नियुक्तियां करने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि उसमें 19 मार्च 2026 के हाईकोर्ट के आदेश के तहत नियमावली तैयार की है या नहीं। यदि नियमावली तैयार नहीं है तो मौजूदा विज्ञापन के तहत नियुक्तियां नहीं की जाएगी। वीरेंद्र सिंह और तीन अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने याची के अधिवक्ता अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी को सुनकर दिया है।

कोर्ट ने पुलिस को लगाई फटकार, एसपी तलब

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्रुखाबाद के एक अधिवक्ता के